प्रेषक,

मुमताज अली,
अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पोक्सो)
जनपद शामली।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जनपद शामली।

विषय- माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 14325/IV-h-16/Admin-A-IV Dated: 03 December, 2021 : Allahabad. के अनुपालन में चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

ससम्मान अवगत कराना है कि मेरे द्वारा पूर्व में वर्ष 2018 तक का चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण दिनांक 08.04.2019 को माननीय उच्च न्यायालय को पृथक-पृथक प्रारूप में भरकर प्रेषित किया किया जा चुका है। वर्ष 2019-2020, 2020-2021 का चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी शुरू हो जाने एवं प्रार्थी के पिता जी के बीमार होने एवं अंततो उनका देहान्त हो जाने के उपरांत कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियों की व्यस्तता के कारण एवं वर्ष 2021 में स्वयं प्रार्थी के भी कोविड-19 महामारी से ग्रसित हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति का विवरण समय अवधि के अन्दर प्रेषित नहीं किया जा सका। क्षमा याचना के साथ वर्ष 2019-2020 एवं वर्ष 2020-2021 का चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण पृथक-पृथक निर्धारित प्रारूप में भरकर पत्र के साथ प्रेषित किया जा रहा है।

अतः श्रीमान जी से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी की उपरोक्त परिस्थितियों के कारण हुए बिलम्ब की क्षमा याचना सहित उक्त सम्पत्ति का विवरण माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के समक्ष रखे जाने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय,

दिनांक 09.12.2021

Mumtaz 9.12.2021
(मुमताज अली)
अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पोक्सो),
जनपद शामली।

संलग्नकः-
वर्ष- 2019-2020
वर्ष- 2020-2021 के चल एवं अचल सम्पत्ति का निर्धारित प्रारूप में विवरण।
2. पिता का मृत्यु प्रमाणपत्र।
3. उद्धरण खतौनी अचल सम्पत्ति बाबत खाता संख्या 40,141,142,155,169,170,171,173।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश शामली
संख्या 450 दिनांक 10.12.2021
अग्रसारित
10/12/2021
जनपद न्यायाधीश
शामली